# कार्यालय उपखण्ड अधिकारी, सिकराय जिला दौसा

क्रमांक : सामान्य/2018/133 दिनांक 15/02/18

## बैठक कार्यवाही

आज दिनांक 15.02.2018 को उपखण्ड अधिकारी सिकराय की अध्यक्षता में उपखण्ड कार्यालय सिकराय में एफआरए संबधी बैठक का आयोजन किया गया जिसमें निम्न अधिकारीयों द्वारा भाग लेकर निम्न बिंन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया।

1. उपखण्ड अधिकारी, सिकराय
2. तहसीलदार, सिकराय
3. क्षेत्रिय वन अधिकारी, सिकराय
4. सहायक अभियंता, सा.नि.वि., सिकराय
5. सहायक अभियंता, जे.वी.वी.एन.एल, सिकराय
6. परियोजना निदेशक, आरएसआरडीसी यूनिट गंगापुर सिटी (मुख्यालय मेंहदीपुर बालाजी)

1. बैठक में सहायक अभियंता जेवीवीएनएल ने सिकराय बताया कि मेंहदीपुर बालाजी बाईपास सडक का निर्माण होने से बिजली विभाग को किसी तरह की कोई आपत्ति नही है एवं विद्युत लाईनों को किसी प्रकार का कोई नुकसान नही होगा।
2. **सहायक अभियंता, सा.नि.वि. सिकराय के अनुसार बाईपास निर्माण से किसी भी सडक के अलाईमेंट में परिवर्तन नही होगा और निर्माण कार्य जारी रहते समय आवागमन में बाधा उत्पन्न नही होगी।**
3. क्षेत्रिय वन अधिकारी, सिकराय के अनुसार इसमें किसी प्रकार का वनीकरण नष्ट नही होगा एवं भूस्खलन नही होगा तथा उक्त क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी निवास नही कर रहा है।
4. परियोजना निदेशक, आरएसआरडीसी यूनिट गंगापुर सिटी (मुख्यालय मेंहदीपुर बालाजी) के अनुसार वन भूमि के परिवर्तन के प्रस्ताव अधिशाषी अभियंता सा.नि.वि. खण्ड सिकराय के मार्फत उपवन संरक्षक करौली को भिजवा दिये गये है।

उक्त बाईपास का निर्माण होने से क्षेत्र में आवागमन की राह सुगम हो जायेगी एवं यातायात अवरोध से निजात मिलेगी।

उपखण्ड अधिकारी
सिकराय